#इसके अंतर्गत, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड(कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 31क के अधीनवित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 6,693.79 लाख रुपए और वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 144,67.09 लाख रुपए की रकम की विनियामक फीस भी है । तथापि, इस विनियम को चुनौती दी गई है और यह माननीय मुम्बई उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है । किसी प्रतिकूल न्यायिक निर्णय के परिणामस्वरूप इन उपार्जनों का होना/बन्द होना निर्भर करेगा ।

7.3. 31.03.2025 को यथा-विद्यमान, निधियों के संघटक निम्नलिखित रूप में हैं:

(लाख रुपयों में)

विशिष्टियां	रकम
वर्ष की समाप्ति पर स्थिर आस्तियां/पूंजीगत डब्ल्यू.आई.पी.(शुद्ध)	527.88
विक्रेताओं को भुगतान किए गए ऐसे अग्रिम, जो व्यय के रूप में माने जाने के लिए लंबित हैं	150.39
बोर्ड के आंतरिक प्रोद्भवनों से जनित निधियां	24,373.76
वर्ष की समाप्ति पर अंतिम निधि	**25,052.03**

8. आस्थगित उधार दायित्व

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (शिकायत और परिवाद निवारण प्रक्रिया) विनियम, 2017 में सेवा प्रदाताओं के विरुद्ध शिकायत और परिवाद फाइल करने का उपबंध है, जिसके विनियम 7 के उप-विनियम (8) में इस प्रकार उपबंध किया गया है *"जहां बोर्ड की यह राय है कि परिवाद तुच्छ नहीं है वहां वह विनियम 3 के उप-विनियम (3) के अधीन प्राप्त दो हजार पांच सौ रुपए की फीस का प्रतिदाय करेगा"*। ऐसे परिवादों के संबंध में, जो प्रक्रियाधीन हैं, प्राप्त 12,78,630/- रुपए की राशि को अनुसूची VI"आस्थगित उधार दायित्व" के अधीन दायित्व के रूप में रखा गया है (पूर्व वर्ष -10,13,630/- रुपए)

9. चालू दायित्व

9.1 5,18,39,214/- रुपए की रकम के विविध लेनदारों के अंतर्गत दायित्व सम्मिलित हैं, जिनमें से 5,17,27,876/- रुपए की रकम का संबंध ऐसी निधियों से है जो इसलिए दायित्व के रूप में धारित हैं क्योकि मामला विचाराधीन है और ऐसे विक्रेताओं के मद्धे शेष हैं जो नैमित्तिक प्रकृति के हैं । (पूर्व वर्ष 5,24,27,244/- रुपए) ।

9.2 प्राप्त किए गए अग्रिमों के अंतर्गत बोर्ड के पास आई.पी./आई.पी.ई./आर.वी./आर.वी.ओ. के रूप में रजिस्ट्रीकरण/मान्यता के लिए सेवा प्रदाताओं और आवेदकों से प्राप्तियां भी शामिल हैं । (चालू वर्ष - 1,04,68,357/- रुपए) (पूर्व वर्ष 1,46,45,585/- रुपए) ।

9.3 सी.पी.एफ. मद्धे अभिदाय की 61,16,920/- रुपए की रकम राष्ट्रीयकृत बैंकों में नियत निक्षेप के रूप में रखी गई है । (पूर्व वर्ष -93,70,765/- रुपए) ।

9.4 31 मार्च, 2025 को यथा-विद्यमान 1,13,175/- रुपए का एन.पी.एस. अभिदाय संदेय है । (पूर्व वर्ष - शून्य रुपए) ।

9.5 स्रोत पर काटे गए कर(टी.डी.एस.) के 37,34,168/- रुपए के देय वित्तीय वर्ष 2025-26 में आय-कर और जी.एस.टी. प्राधिकारियों के पास सम्यक् रूप से जमा करा दिए गए हैं । (पूर्व वर्ष के 63,96,928/- रुपए के टी.डी.एस. देय जमा किए गए) ।

9.6 वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक 3,41,036/- रुपए का प्रतिभूति निक्षेप प्राप्त किया गया है । (पूर्व वर्ष - 3,41,036/- रुपए) ।

9.7 भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (समापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 और भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (स्वैच्छिक समापन प्रक्रिया) विनियम, 2017 के क्रमशः विनियम 46 और विनियम 39 में बोर्ड के लिए यह उपबंध किया गया है कि किसी समापन प्रक्रिया में अदावाकृत लाभांशों, यदि कोई हैं और अवितरित आगमों, यदि कोई हैं, की रकम को जमा करने के लिए किसी अनुसूचित बैंक में एक पृथक् बैंक खाता खोला जाए । तदनुसार, बोर्ड ने क्रमशः समापन प्रक्रिया और स्वैच्छिक समापन प्रक्रिया के अदावाकृत लाभांशों और अवितरित आगमों को जमा करने के लिए दो पृथक्-पृथक् खाते खोले हैं । उक्त समापन खातों के 'भारत लोक लेखा' के अधीन प्रक्रियाशील होने के पश्चात् इन बैंक खातों में पड़ा अतिशेष तदनुसार अंतरित कर दिया जाएगा । चालू वर्ष की समाप्ति पर इन खातों में पड़ा अतिशेष 36,85,56,629/- रुपए है । (पूर्व वर्ष -27,84,54,803/- रुपए) ।

9.8 सहायता अनुदानों पर ब्याज के रूप में अर्जित 11,934/- रुपए, शास्ति की रकम पर ब्याज के रूप में अर्जित 8,52,763/- रुपए की रकम, जो बोर्ड के पास जमा की गई है और समापन और स्वैच्छिक समापन के अवितरित आगमों पर ब्याज के रूप में अर्जित 4,53,88,050/- रुपए की रकम, जो बोर्ड के पास जमा की गई है, वित्तीय वर्ष के अंत तक भारत की समेकित निधि में प्रेषित की जानी है । (पूर्व वर्ष -2,18,88408/- रुपए) ।

9.9 अन्य चालू दायित्व - अन्य के अंतर्गत (i) 18,000/- रुपए आर.वी. को देय प्रतिदायों के लिए हैं; (ii)7,20,000/- रुपए आई.पी.ए. द्वारा प्रभारित शास्ति है, जो आई.बी.बी.आई. को प्रेषित की गई है; (iii)13,10,71,703/- रुपए सरकार को संदेय जी.एस.टी., आर.सी.एम. और जी.एस.टी. कर प्रत्यय के रूप में हैं; (iv) 9,88,597/- रुपए कर्मचारियों को संदेय बकाया वेतन के संबंध में है और (v) 36,85,000/- रुपए दो दिवाला व्यावसायिकों पर उद्गृहीत शास्ति के रकम से संबंधित हैं, जिसे नियत निक्षेप के रूप में रखा गया है । (पूर्व वर्ष -3,68,51,518/- रुपए)।

10. प्रावधान

10.1 बोर्ड के स्थायी अधिकारियों के लिए उपदान की बाबत बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर 39,25,247/- रुपए का प्रावधान किया गया है । इसके अतिरिक्त, ऐसे अधिकारियों के लिए, जो बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से प्रतिनियुक्ति पर हैं, मूल संगठन से प्राप्त नियमों या आदेश के अनुसार 34,78,759/- रुपए का प्रावधान किया गया है । (पूर्व वर्ष - 63,56,079/- रुपए) ।

10.2 केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार से प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों के लिए कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डी.ओ.पी.टी.) के नियमों के अनुसार या मूल संगठन से प्राप्त आदेश के अनुसार सेवानिवृत्ति फायदों के लिए छुट्टी वेतन अंशदान के लिए 20,09,042/- रुपए की रकम का प्रावधान किया गया है । बोर्ड ने उन अधिकारियों के लिए, जो बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से प्रतिनियुक्ति पर हैं, छुट्टी वेतन के लिए 35,76,211/- रुपए का भी प्रावधान भी किया है ।(पूर्व वर्ष - 51,77,501/- रुपए) ।

केन्द्रीय सरकारी/राज्य सरकार से प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों के लिए, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डी.ओ.पी.टी.) के नियमों के अनुसार पेंशन अंशदान के लिए सेवानिवृत्ति फायदों के लिए 28,03,558/- रुपए की रकम का प्रावधान किया गया है । (पूर्व वर्ष -14,18,400/- रुपए)

10.3. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (अध्यक्ष और सदस्यों के वेतन, भत्ते और सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें) नियम, 2016 के नियम 16 के अनुसरण में, जिसमें यह उपबंध है कि *"छुट्टी के दौरान छुट्टी वेतन का संदाय केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 के नियम 40 द्वारा शासित होगा । अध्यक्ष और पूर्णकालिक*

सदस्य किसी भी समय उनके पास जमा अर्जित छुट्टी के पचास प्रतिशत का भुगतान करवाने के हकदार होंगे ।", अध्यक्ष और पूर्णकालिक सदस्यों(डब्ल्यू.टी.एम.) के लिए 17,72,916/- रुपए के और अन्य अधिकारियों के लिए भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कर्मचारी सेवा) विनियम, 2017 के अनुसार 68,21,674/- रुपए के छुट्टी नकदीकरण के लिए प्रावधान किया गया है ।(पूर्व वर्ष - 76,74,345/- रुपए) ।

10.4 चालू वर्ष के लिए बोर्ड के सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों को संदेय विशेष अनुलब्धि भत्ते के लिए 52,04,402/- रुपए का प्रावधान किया गया है । (पूर्व वर्ष - 62,30,993/- रुपए) ।

इसके अतिरिक्त, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान बोर्ड के सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों के लिए बकाया वेतन और भत्तों के लिए, 4,09,66,951/- अर्थात्(वित्तीय वर्ष 2023-24 - 1.09.66.951/- और वित्तीय वर्ष 2022-23 - 3,00.00.000/-) के पूर्व वर्षों के प्रावधान के मुकाबले कोई प्रावधान सृजित नहीं किए गए हैं ।

10.5 चालू वित्तीय वर्ष में, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोर्ड की कानूनी लेखापरीक्षा, संव्यवहार लेखापरीक्षा और आंतरिक लेखापरीक्षा के लिए सी. एंड ए.जी. और आंतरिक लेखापरीक्षकों को संदेय 7,20,000/- रुपए की लेखापरीक्षा फीस का प्रावधान किया गया है । (पूर्व वर्ष -6,67,500/- रुपए)।

11. अवक्षयण

11.1 अवक्षयण के लिए, आय-कर अधिनियम, 1961 में विनिर्दिष्ट दरों के अनुसार स्ट्रेट लाइन पद्धति के आधार पर निम्न प्रकार उपबंध किया जाता है:

आस्तियां	**अवक्षयण की दर**
कम्प्यूटर/पेरिफेरल/साफ्टवेयर/हार्डवेयर/पुस्तकालय पुस्तकें	40%
कार्यालय उपस्कर तथा फर्नीचर और फिक्सचर	10%
भवन	10%
वैबसाइट	25%

11.2 सी.ए.जी. के वर्ष 2023-24 के लिए प्रबंधन पत्र में की गई सिफारिशों के अनुसरण में, मोबाइल फोनों की बाबत अवक्षयण, जो लेखा पुस्तकों में पूंजीकृत किया गया था, उनकी लाभप्रद उपयोगिता के आधार पर 50 प्रतिशत की दर पर प्रभारित किया गया है ।

11.3 5,000/- रुपए से अधिक मूल्य वाली 12,555/- रूपए की रकम की पुस्तकालय पुस्तकों को पूंजीकृत किया गया है ।

11.4 मयूर भवन परिसर में अतिरिक्त स्थान के लिए विभिन्न ऑनलाइन माड्यूलों और वैबसाइट और नवीकरण कार्य के विकास मद्धे 79,03,713/- रुपए की रकम को पूंजीगत चालू कार्य के रूप में दर्शाया गया है । इसे परियोजनाओं के पूरा होने पर और विक्रेताओं से कर-बीजक प्राप्त होने पर संबंधित नियत आस्तियों के रूप में लेखबद्ध किया जाएगा । (पूर्व वर्ष - 4,03,95,623/- रूपए) ।

12. निवेश

(i) अंशदायी भविष्य निधि (सी.पी.एफ.) दायित्व के विरुद्ध 37,46,956/- रुपए (ब्याज सहित) की रकम का; (ii) बोर्ड के उपदान संबंधी दायित्व के विरुद्ध 31,06,475/- रुपए(ब्याज सहित) की रकम का और (iii) दो दिवाला व्यावसायिकों द्वारा जमा की गई शास्ति के विरुद्ध 45,37,763/- रुपए (ब्याज सहित) की रकम का विभिन्न बैंकों में नियत निक्षेपों में निवेश किया गया है । (पूर्व वर्ष - 72,46,906/- रुपए (ब्याज सहित) ।

13. चालू आस्तियां - ऋणी

39,98,833/- रुपए के ऋण -"अन्य" का संबंध दिवाला व्यावसायिकों, दिवाला व्यावसायिक संस्थाओं और परीक्षा प्रशासकों और अन्य पक्षकारों से शोध्य फीस से है । (पूर्व वर्ष - 52,94,256/- रुपए) ।

14. नकद अतिशेष

14.1 बोर्ड ने खुदरा नकदी की अग्रदाय व्यवस्था बनाई हुई है जिसकी अनुमोदित सीमा 50,000/- रुपए है । 31 मार्च, 2025 को यथा-विद्यमान नकदी शून्य रूपए थी । तथापि, बोर्ड वर्ष के दौरान एक डेबिट कार्ड चला रहा था जिसमें 31 मार्च, 2025 को यथा-विद्यमान अतिशेष 237 रुपए था । बोर्ड के पास 31 मार्च, 2025 तक शून्य रूपए की विदेशी मुद्रा है ।(पूर्व वर्ष 33,694/- रुपए) ।

15. बैंक खातों में रखे अतिशेष

पंजाब नेशनल बैंक में रखे अतिशेष में निम्नलिखित रकमें शामिल हैं:

क. अनुदान खाता - चालू वर्ष- 2,64,380.00(नामे) (पूर्व वर्ष -10,90,452.19 रुपए(नामे) ।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उपर्युक्त अतिशेष विभिन्न हितधारकों के बीच आई.बी.सी. के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए क्विज़ आदि का संचालन करने के लिए बी.एस.ई. आई.पी.एफ. से प्राप्त रकम प्रतिबिंबित करता है । इस प्रकार, वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कोई अनुदान प्राप्त नहीं हुआ था ।

ख. आय खाता - चालू वर्ष - 31,16,690.73(नामे) (पूर्व वर्ष -43,17,948.52(नामे)।

ग. समपान खाता - चालू वर्ष- 25,28,992.77 (नामे) (पूर्व वर्ष -10,19,282.87 (जमा) ।

घ.स्वैच्छिक समापन खाता - चालू वर्ष - 88,64,052.99 रुपए (नामे) (पूर्व वर्ष -12,83,117.89 रुपए (नामे)।

ङ. स्वीप खातों मे - 4,52,00,000/- रुपए (नामे) । (पूर्व वर्ष -2,35,95,294/-/- रुपए)(नामे) ।

आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में रखे अतिशेष में निम्नलिखित रकमें शामिल हैं:-

क. अनुदान खाता - चालू वर्ष - शून्य रुपए (पूर्व वर्ष - 4,23,544,30 रुपए) ।

ख. आय खाता - चालू वर्ष - 5,99,843.64 रुपए(नामे) (पूर्व वर्ष - 12,71,126.30(नामे) ।

ग. समपान खाता - चालू वर्ष - 5,03,193.49 रुपए (नामे) (पूर्व वर्ष - 5,04,574.00(नामे) ।

घ.स्वैच्छिक समापन खाता - चालू वर्ष - 5,01,317.71(नामे) (पूर्व वर्ष - 5,02,259.39 (नामे)) ।

ङ. शास्ति खाता -चालू वर्ष - शून्य रूपए (पूर्व वर्ष -शून्य रुपए) ।

च. स्वीप खातों मे -। 61,01,38,607/- रुपए(नामे) (पूर्व वर्ष -30,08,27,786/- (नामे)) ।

आवधिक जमा खातों में अतिशेष - 2,41,17,98,258 रुपए(नामे) (पूर्व वर्ष 1,12,18,46,708 रुपए(नामे) ।

16. पूर्वसंदत्त व्यय:

16.1 शासी बोर्ड ने 27 मार्च, 2019 को आयोजित अपनी 13वीं बैठक में भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान(आई.आई.सी.ए.) में तीन वर्ष की अवधि के लिए आई.बी.बी.आई. दिवाला पीठ स्थापित करने का विनिश्चय किया था जिसके लिए एक ही बार में एक करोड़ रुपए का विन्यास अनुदान किया जाना है । बोर्ड को प्रस्तुत किए गए वार्षिक उपयोगिता प्रमाणपत्र के अनुसार आई.आई.सी.ए. द्वारा उपगत वास्तविक व्यय के आधार पर प्रत्येक

वर्ष एक करोड़ रुपए की रकम का क्रमिक अपाकरण किया जा रहा है ।

तथापि, आई.आई.सी.ए. ने यह सूचित किया है कि आई.आई.सी.ए. में आई.बी.बी.आई. अनुसंधान पीठ को छोड़ा जा रहा है । आई.बी.बी.आई. ने आई.आई.सी.ए. को 76,53,985/- रुपए के आई.बी.बी.आई. अनुदान के अप्रयुक्त भाग का प्याज सहित प्रतिदाय करने का अनुरोध किया है । (चालू वर्ष - 76,53,985/- रुपए) (पूर्व वर्ष - 76,53,985/- रुपए) ।

16.2. 73,85,339/- रुपए के अतिशेष अग्रिमों का संबंध ऐसे विक्रेताओं से है जो नियमित स्वरूप और कारबोर रे सामान्य अनुक्रम में हैं । (पूर्व वर्ष - 2,24,25,629/- रुपए) ।

17. फीस/अभिदान (अनुसूची XIII)

17.1 फाइल करने की फीस/आवेदन फीस: इसके अंतर्गत नीचे दिए गए स्रोतों से प्राप्त फीस शामिल हैं:

क) दिवाला व्यावसायिक: संहिता की धारा 196(1)(ग) में उपबंधित है कि बोर्ड **"***इस संहिता के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए दिवाला वृतिक अभिकरणों, दिवाला वृत्तिकों और सूचना उपयोगिताओं से फीस और अन्य प्रभारों का उदग्रहण करेगा, जिसके अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण और उसके नवीकरण के लिए फीस भी है"***।**

इसके अलावा, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) विनियम, 2016 के 1 अक्तूबर, 2022 से यथा-संशोधित विनियम 6 के उप-विनियम (1) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

> *"किसी दिवाला व्यावसायिक एजेंसी में एक व्यावसायिक सदस्य के रूप में नामांकित कोई व्यक्ति इन विनियमों की दूसरी अनुसूची के प्ररूप क में बीस हजार रुपए के गैर-प्रत्यावर्तनीय आवेदन शुल्क के साथ बोर्ड को आवेदन कर सकता है ।"*

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड दिवाला व्यावसायिकों के रजिस्ट्रीकरण के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम ली जाती है जब तक कि रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है । रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में और आवेदन अस्वाकीर किए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है । चालू वर्ष - 25,20,000/- रुपए (पूर्व वर्ष- 20,40,000/- रुपए) ।

इसके अतिरिक्त, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड(दिवाला व्यावसायिक) विनियम, 2016 के 1 अक्तूबर, 2022 से यथा-संशोधित विनियम 6 के उप-विनियम (1क) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

> "*ऐसी दिवाला व्यावसायिक संस्था, जो विनियम 4 के उप-विनियम (2) के अधीन दिवाला व्यावसायिक के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए पात्र है, दो लाख रूपए की अप्रतिदेय आवेदन फीस सहित. दूसरी अनुसूची के प्ररूप कक में बोर्ड को आवेदन कर सकेगी* ।"

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड दिवाला व्यावसायिक संस्था के दिवाला व्यावसायिक के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम ली जाती है जब तक कि रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है । रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में और आवेदन अस्वाकीर किए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है । चालू वर्ष - 40,00,000/- रुपए (पूर्व वर्ष 64,00,000/- रुपए)।

इसके अतिरिक्त, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड(दिवाला व्यावसायिक) विनियम, 2016 के 1 अक्तूबर, 2022 से यथा-संशोधित विनियम 7 के उप-विनियम (2) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"यदि दिवाला व्यावसायिक एक व्यष्टि है तो बीस हजार रूपए की फीस या यदि दिवाला व्यावसायिक एक दिवाला व्यावसायिक संस्था है तो दो लाख रूपए की फीस का संदाय उस वर्ष के पश्चात्, जिसमें प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है, प्रत्येक पांच वर्ष में बोर्ड को करेगा और ऐसी फीस का संदाय उस वर्ष. जिसमें यह देय होती है, 30 अप्रैल को या उससे पूर्व किया जाएगा ।"

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड दिवाला व्यावसायिकों के रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम ली जाती है जब तक कि नवीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है । रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन नवीकरण फीस के रूप में दर्शाया जाता है । चालू वर्ष - 1,12,00,000/- रुपए (पूर्व वर्ष- 2,21,20,000/- रुपए) ।

ख) दिवाला व्यावसायिक एजेंसी: संहिता की धारा 196(1)(ग) में यह उपबंध किया गया है कि बोर्ड *"इस संहिता के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए दिवाला वृतिक अभिकरणों, दिवाला वृतिकों और सूचना उपयोगिताओं से फीस और अन्य प्रभारों का उदग्रहण करेगा, जिसके अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण और उसके नवीकरण के लिए फीस भी है" ।*

इसके अलावा, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक एजेंसी) विनियम, 2016 के विनियम 4 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"(1) एक कंपनी जो दिवाला व्यावसायिक एजेंसी के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए पात्र है बोर्ड को इन विनियमों की अनुसूची के प्ररूप क में बोर्ड को अप्रतिदेय आवेदन शुल्क दस लाख रुपए के साथ आवेदन कर सकती है ।

(2) एक दिवाला व्यावसायिक एजेंसी जिसे विनियम 5 के अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण प्रदान किया गया है, ऐसे रजिस्ट्रीकरण की समाप्ति के छह महीने पहले इन विनियमों की अनुसूची के प्ररूप क में बोर्ड को अप्रतिदेय आवेदन शुल्क पांच लाख रुपए के साथ नवीकरण के लिए आवेदन कर सकती है ।

....."।

विनियमों के विनियम 5 के उप-विनियम (2) में यह उपबंध किया गया है कि रजिस्ट्रीकरण इन शर्तों के अध्यधीन होगा कि दिवाला व्यावसायिक एजेंसी -

"(क) .....

(ख) .....

(ग) बोर्ड को वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर पांच लाख रुपए की वार्षिक फीस का संदाय करेगी....." ।

विनियमों के विनियम 5 के उप-विनियम (3) में यह उपबंधित है कि *"रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी किए जाने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगा"* ।

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड दिवाला व्यावसायिक एजेंसियों के रजिस्ट्रीकरण और उसके नवीकरण के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम ली जाती है जब तक कि रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है । रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में और आवेदन अस्वीकार किए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है । वार्षिक फीस, दिवाला व्यावसायिक एजेंसियों से फीस के प्रोद्भवन की तारीख को मानी जाती है । चालू वर्ष - 15,00,000/- रुपए (पूर्व वर्ष - 15,00,000/- रुपए) ।

ग) सूचना उपयोगिताएं: संहिता की धारा 196(1)(ग) में यह उपबंध किया गया है कि बोर्ड *"इस संहिता के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए दिवाला वृत्तिक अभिकरणों, दिवाला वृत्तिकों और सूचना उपयोगिताओं से फीस और अन्य प्रभारों का उदग्रहण करेगा, जिसके अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण और उसके नवीकरण के लिए फीस भी है" ।*

इसके अलावा, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (सूचना उपयोगिता) विनियम, 2017 के 20 सितम्बर, 2022 से संशोधित विनियम 4 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"(1) सूचना उपयोगिता के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए पात्र कोई व्यक्ति दस लाख रुपए की अप्रतिदेय आवेदन फीस के साथ अनुसूची के प्ररूप क में बोर्ड को आवेदन कर सकता है ।

(2) रजिस्ट्रीकरण का नवीकरण करवाने की इच्छुक कोई सूचना उपयोगिता अपना रजिस्ट्रीकरण समाप्त होने से कम से कम छह मास पहले दस लाख रुपए की अप्रतिदेय आवेदन फीस के साथ अनुसूची के प्ररूप क में बोर्ड को नवीकरण के लिए आवेदन करेगी ।

....."।

विनियमों के 20 सितम्बर, 2022 से संशोधित विनियम 6 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"(1) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी किए जाने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा ।

(2) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र इन शर्तों के अधीन होगा कि सूचना उपयोगिता करेगी -

(क).....

(ख).....

(ग).....

(घ) बोर्ड से रजिस्ट्रीकरण अथवा नवीकरण, जो भी लागू हो, की सूचना की प्राप्ति की तारीख से पन्द्रह दिनों के भीतर, बोर्ड को एक करोड़ रुपए की फीस का भुगतान करना;

"(ङ) बोर्ड को प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को या उससे पूर्व, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में इनफॉरमेशन यूटिलिटी के रूप में प्रदान की गई सेवाओं से हुए आवर्त के दस प्रतिशत की दर पर संगणित फीस का संदाय करना:

परन्तु ऐसी किसी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जो बोर्ड, जैसा कि वह उचित समझे, कर सकेगा, किसी इनफॉरमेशनयूटिलिटी द्वारा फीस के संदाय में किए गए किसी विलंब पर संदाय किए जाने तक बारह प्रतिशत वार्षिक दर पर साधारण ब्याज लगेगा ।

....."।

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड सूचना उपयोगिताओं के रजिस्ट्रीकरण और उसके नवीकरण के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम ली जाती है जब तक कि रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है । रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में और आवेदन अस्वीकार किए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है । वार्षिक फीस, सूचना उपयोगिताओं से फीस के प्रोद्भवन की तारीख को मानी जाती है। चालू वर्ष - 10,50,67,322/- रुपए (पूर्व वर्ष - 8,12,73,226/- रुपए) ।

घ) रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक: केन्द्रीय सरकार ने, कंपनी अधिनियम, 2013(2013 का 18) की धारा 458 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कारपोरेट कार्य मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 3401(अ), तारीख 23 अक्तूबर, 2017 द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 247 के अधीन उसमें निहित शक्तियों और कृत्यों को भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड को प्रत्यायोजित किया है ।

इसके अलावा, कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के नियम 6 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"(1) नियम 3 के अधीन रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक के रूप में रजिस्ट्रीकरण हेतु कोई पात्र व्यक्ति प्राधिकरण के पक्ष में पांच हजार रुपए के गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क सहित उपाबंध-II के प्ररूप क में आवेदन कर सकता है ।

(2) नियम 3 के अधीन रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक के रूप में रजिस्ट्रीकरण हेतु कोई पात्र भागीदारी अस्तित्व या कंपनी, प्राधिकरण के पक्ष में दस हजार रुपए के गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क सहित उपाबंध-II के प्ररूप ख में आवेदन कर सकती है ।

....."।

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों के रजिस्ट्रीकरण के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम ली जाती है जब तक कि रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है। रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में और आवेदन अस्वीकार किए जाने या वापस लिए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है । चालू वर्ष - 16,90,750/- रुपए (पूर्व वर्ष- 16,03,750/- रुपए) ।

ङ) रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन: कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के नियम 13 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"(1) कोई पात्र संगठन, जो नियम 12 में विनिर्दिष्ट शर्तों को पूरा करता है, आस्ति वर्ग या आस्ति वर्गों के लिए एक रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन के रूप में मान्यता प्राप्त करने हेतु उपाबंध-II के प्ररूप-घ में प्राधिकरण के पक्ष में एक लाख रुपए का गैर-वापसी योग्य भुगतान आवेदन शुल्क देकर आवेदन कर सकता है ।

....."।

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठनों को मान्यता प्रदान करने के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । मन्यता फीस अग्रिम ली जाती है जब तक कि मान्यता प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है । मान्यता प्रदान करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन मान्यताफीस के रूप में और आवेदन अस्वीकार किए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है । चालू वर्ष - शून्य रुपए (पूर्व वर्ष - शून्य रुपए) ।

च) दिवाला व्यावसायिक संस्था : भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) विनियम, 2016 के 1 अक्तूबर, 2022 से संशोधित विनियम 12 के उप-विनियम (2) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"उप-विनियम (1) के अधीन पात्र कोई व्यक्ति बोर्ड की किसी दिवाला व्यावसायिक संस्था के रूप में मान्यता के लिए दूसरी अनुसूची के प्ररूप ग में दो लाख रुपए की आवेदन फीस सहित आवेदन कर सकता है ।"

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड दिवाला व्यावसायिक संस्थाओं को मान्यता देने के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । मान्यता फीस अग्रिम ली जाती है जब तक कि मान्यता प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है । मान्यता प्रदान करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन मान्यता फीस के रूप में और आवेदन अस्वीकार किए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है । चालू वर्ष - 16,00,000/- रुपए (पूर्व वर्ष - 28,00,000/-) ।

विनियमों के विनियम 13 के उप-विनियम (2) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"यह मान्यता इस शर्त पर आधारित होगी कि दिवाला व्यावसायिक संस्था -

(क) हमेशा विनियम 12 के अधीन अपेक्षाओं को लगातार पूरा करेगी;

(ख) यदि कोई दिवाला व्यावसायिक इसका निदेशक या भागीदार नहीं रहता है, जैसा भी मामला हो, तो तीस दिन के भीतर बोर्ड को दूसरी अनुसूची के प्ररूप च में दो हजार रुपए की फीस सहित सूचित करेगा;

(ग) *यदि कोई दिवाला व्यावसायिक इसका निदेशक या भागीदार, जैसा भी मामला हो, के रूप में नियुक्त किया जाता है तो तीस दिन के भीतर बोर्ड को दूसरी अनुसूची के प्ररूप च में दो हजार रुपए की फीस सहित सूचित करेगा..... ।"*

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड अध्याय 5 के अधीन अनुपालन के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । इस फीस को, दिवाला व्यावसायिक संस्थाओं से प्ररूप च में प्राप्त सूचना के आधार पर माना जाता है। चालू वर्ष - 3,04,703/- रुपए (पूर्व वर्ष - 3,23,628/-) ।

छ) परीक्षा फीस: भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) विनियम, 2016 के विनियम 3 के उप-विनियम (2) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"*यह बोर्ड दिवाला, शोधन अक्षमता और प्रासंगिक विषयों में व्यक्तियों के ज्ञान और ज्ञान के विनियोग की जांच करने के लिए स्वयं या किसी नामित एजेंसी के माध्यम से एक 'सीमित दिवाला परीक्षा' आयोजित करेगा* ।"

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड सीमित दिवाला परीक्षा के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । बोर्ड ने इस परीक्षा के संचालन के लिए एन.एस.ई.-आई.टी. लिमिटेड को परीक्षा प्रशासक के रूप में नियोजित किया है । परीक्षा के लिए प्राप्त फीस को, इस बात पर ध्यान दिए बिना कि अभ्यर्थी परीक्षा में कब बैठता है, प्राप्ति के आधार पर मान्यता दी जाती है, चूंकि यह रकम अप्रतिदेय है । चालू वर्ष- 42,40,000/- रुपए (पूर्व वर्ष - 36,95,000/- रुपए) ।

कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के नियम 5 के उप-नियम (1) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"*प्राधिकरण ऐसे व्यष्टियों के लिए, जो नियम 4 में यथा-विनिर्दिष्ट अर्हता या अनुभव रखते हैं और किसी रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन के सदस्य के रूप में अपना शैक्षिक पाठ्यक्रम पूरा कर चुके हैं, एक या अधिक आस्ति वर्गों के लिए उनके मूल्यांकन संबंधी वृतिक ज्ञान, कौशल, मूल्य और नैतिक जांच के लिए या तो स्वयं या किसी नामनिर्दिष्ट अभिकरण के माध्यम से मूल्यांकन परीक्षा आयोजित करेगा* ।"

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड मूल्यांकन परीक्षा के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । बोर्ड ने इस परीक्षा के संचालन के लिए एन.आई.एस.एम. को परीक्षा प्रशासक के रूप में नियोजित किया है । परीक्षा के लिए प्राप्त फीस को, इस बात पर ध्यान दिए बिना कि अभ्यर्थी परीक्षा में कब बैठता है, प्राप्ति के आधार पर मान्यता दी जाती है, चूंकि यह रकम अप्रतिदेय है । चालू वर्ष -1,37,70,000/- रुपए । (पूर्व वर्ष -1,04,75,000/- रुपए)

ज) आई.पी./आई.पी.ई. से व्यावसायिक फीस: भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता (दिवाला व्यावसायिक) विनियम, 2016 के 1 अक्तूबर, 2022 से संशोधित विनियम 7 के उप-विनियम (2) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:-

"*यह रजिस्ट्रीकरण इन शर्तों के अधीन होगा कि दिवाला व्यावसायिक -*

(क).....

(ख).....

(ग).....

(गक) बोर्ड को पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में, उसके द्वारा दिवाला व्यावसायिक के रूप में प्रदान की गई सेवाओं के लिए अर्जित व्यावसायिक फीस के एक प्रतिशत की दर पर संगणित फीस का संदाय, दूसरी अनुसूची के प्ररूप ङ में की विवरणी सहित प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को या उससे पूर्व करेगा:

परन्तु वित्तीय वर्ष 2019-2020 के लिए, कोई दिवाला व्यावसायिक इस खंड के अधीन फीस का संदाय 30 जून, 2020 को या उससे पूर्व करेगा;

परन्तु यह और कि वित्तीय वर्ष 2020-2021 के लिए, कोई दिवाला व्यावसायिक इस खंड के अधीन फीस का संदाय 30 जून, 2021 को या उससे पूर्व करेगा;

परन्तु यह और कि जहां दिवाला व्यावसायिक एक दिवाला व्यावसायिक संस्था है वहां वह बोर्ड को प्रत्येक वर्ष के 30 अप्रैल को या उससे पूर्व, दूसरी अनुसूची के प्ररूप छ में एक विवरणी सहित पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में उसके द्वारा दिवाला व्यावसायिक के रूप में प्रदान की गई सेवाओं के लिए अर्जित व्यावसायिक फीस के एक प्रतिशत की दर पर संगणीत फीस का संदाय करेगी ।

(गख))बोर्ड को दूसरी अनुसूची के प्ररूप ङक में विवरणी सहित, प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के पश्चात् तीस दिन की अवधि के भीतर या दिवाला समाधान प्रक्रिया के बन्द हो जाने पर, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड(कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 31क के उप-विनियम (2) के अधीन विनिर्दिष्ट फीस का संदाय करेगा ।

……"।

विनियमों के विनियम 13 के 1 अक्तूबर, 2023 से संशोधित उप-विनियम (2) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"*यह मान्यता इस शर्त पर आधारित होगी कि दिवाला व्यावसायिक संस्था -*

(क).....

(ख).....

(ग).....

(गक) बोर्ड को पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में, उसके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं से हुए आवर्त के एक प्रतिशत की दर पर संगणित फीस का संदाय, दूसरी अनुसूची के प्ररूप छ में विवरणी सहित प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को या उससे पूर्व करेगा;

....."।

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता (दिवाला व्यावसायिक) विनियम, 2016 के विनियम 15 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"*ऐसी किसी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जो बोर्ड, जैसा कि वह संहिता या उसके अधीन बनाए*

गए किन्हीं विनियमों के अधीन उचित समझे, कर सकता है, किसी दिवाला व्यावसायिक या किसी दिवाला व्यावसायिक संस्था द्वारा फीस के संदाय में विलंब करने पर, इन विनियमों के अधीन फीस का संदाय करने की अंतिम तारीख के पश्चात् असंदत्त फीस की रकम पर 12 प्रतिशत वार्षिक दर पर साधारण ब्याज बोर्ड को संदत्त किया जाएगा"।

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड अध्याय 3 औरअध्याय 5 के अधीन आवर्त पर आधारित फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । इस फीस को दिवाला व्यावसायिकों और दिवाला व्यावसायिक संस्थाओं से क्रमशः प्ररूप ङ और प्ररूप छ में प्राप्त सूचना के आधार पर मान्यता दी जाती है । चालू वर्ष - 6,10,51,646/- रुपए । (पूर्व वर्ष -3,44,44,416/- रुपए) ।

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड समाधान योजनाओं पर और व्यावसायिकों को भाड़े पर लेने पर विनियामक फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । इस फीस को दिवाला व्यावसायिकों से प्ररूप ङक में प्राप्त सूचना के आधार पर स्वीकार किया जाता है । चालू वर्ष - 1,44,67,09,436/- रुपए । (पूर्व वर्ष 66,93,78,879/- रुपए)

झ) सी.आई.आर.पी. प्ररूप फाइल करने से फीस: भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 40ख में दिवाला व्यावसायिकों द्वारा कारपोरेट दिवाला प्रक्रिया से संबंधित प्ररूप फाइल करने के लिए उपबंध किया गया है । इसके आगे, विनियम 40ख के उप-विनियम (4) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"*इस विनियम के अधीन या तो सुधार, अद्यतन करने या अन्यथा, प्रस्तुत किए जाने की तारीख के पश्चात् प्ररूप फाइल करने पर उसके साथ 1 अक्तूबर, 2020 के पश्चात् विलंब के प्रत्येक कलैंडर मास के लिए प्रति प्ररूप पांच सौ रुपए की फीस संलग्न की जाएगी*"।

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, बोर्ड विनियम 40ख के अधीन अनुपालन के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । चालू वित्तीय वर्ष के दौरान संगृहीत फीस 1,89,33,000/- रुपए है । (पूर्व वर्ष 70,61,000/- रुपए) ।

17.2 सेमीनार/कार्यक्रम फीस: संहिता की धारा 196(1)(कक) में यह उपबंध किया गया है कि बोर्ड *"इस संहिता के प्रयोजनों को अग्रसर करने में दिवाला वृत्तिकों, दिवाला वृत्तिक अभिकरणों और सूचना उपयोगिताओं तथा अन्य संस्थाओं के कार्यकरण और व्यवहारों के विकास का संवर्धन करेगा तथा उनका विनियमन करेगा ।"*

इसके अलावा, धारा 196(1)(ग) बोर्ड को इस संहिता के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए फीस या अन्य प्रभार उद्गृहीत करने के लिए सशक्त करती है, जिसके अंतर्गत दिवाला व्यावसायिक एजेंसियों, दिवाला व्यावसायिकों और सूचना उपयोगिताओं के रजिस्ट्रीकरण और उसके नवीकरण के लिए फीस भी है ।

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान शून्य रुपए की इवेंट सहायता फीस स्वीकार की गई है ।(पूर्व वर्ष - शून्य रुपए) ।

17.3 शिकायत और परिवाद फीस: भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (शिकायत और परिवाद निवारण प्रक्रिया) विनियम, 2017 के विनियम 3 के उप-विनियम (3) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"*ऐसा पणधारी, जो कोई परिवाद फाइल करना चाहता है, उसे बोर्ड के समक्ष प्ररूप क में फाइल करेगा और उसके साथ भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड के पक्ष में आहरित और नई दिल्ली में देय दो हजार पांच सौ रुपए का मांगदेय ड्राफ्ट या बोर्ड के खाते में फीस मद्धे संदत्त दो हजार पांच सौ रुपए की आनलाइन अभिस्वीकृति लगाई जाएगी ।*"

इसके अतिरिक्त, विनियमों के विनियम 7 के उप-विनियम (8) में यह उपबंध है कि "*जहां बोर्ड की यह राय है कि परिवाद तुच्छ नहीं है वहां वह विनियम 3 के उप-विनियम (3) के अधीन प्राप्त दो हजार पांच सौ रुपए की फीस का प्रतिदाय करेगा ।*" प्राप्त की गई फीस "आस्थगित उधार दायित्व" शीर्ष के अधीन दर्शाई जाती है और यदि बोर्ड द्वारा शिकायत/परिवाद को तुच्छ पाया जाता हैतो इसे आय माना जाता है । चालू वित्तीय वर्ष के दौरान स्वीकार की गई आय 10,593/- रुपए है । (पूर्व वर्ष -8,475/- रुपए) ।

कंपनी(रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के नियम 16 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

> "*किसी रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक या रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन के विरुद्ध प्राधिकरण में व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा या कोरियर से प्राधिकरण के पक्ष में एक हजार रूपए के गैर-पुर्नभुगतान किए जाने योग्य शुल्क सहित एक शिकायत दायर की जा सकती है और प्राधिकरण शिकायत की जांच करेगा तथा ऐसी आवश्यक कार्यवाही करेगा, जैसा वह उचित समझे:*
>
> *परन्तु किसी रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक, जो किसी भागीदारी संस्था का भागीदार या किसी कंपनी का निदेशक है, के विरुद्ध किसी शिकायत के मामले में, प्राधिकरण सुसंगत रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन को शिकायत निर्देशित कर सकेगा और ऐसा संगठन शिकायत का अपनी उप-विधियों के अनुसार निवारण करेगा ।*"

प्राप्त की गई फीस प्राप्ति के आधार पर आय मानी जाती है । चालू वित्तीय वर्ष के दौरान स्वीकार की गई आय शून्य रुपए है (पूर्व वर्ष - शून्य रूपए) ।

18. **अर्जित ब्याज:** चालू वर्ष के दौरान अर्जित ब्याज के अंतर्गत ये हैं - (i) स्वीप सुविधा वाले चालू खाते में अर्जित ब्याज -41,38,833/- रुपए(पूर्व वर्ष 35,96,274/- रुपए); और (ii) नियत निक्षेपों पर प्रोद्भूत ब्याज - 13,51,89,751/- रुपए । (पूर्व वर्ष - 4,49,25,116/- रुपए) ।

19**. पूर्व अवधि के ऐसे व्यय, जिन्हें चालू वर्ष में स्वीकार किया गया है;** (i) 2,67,354/- रुपए की रकम का भुगतान, रेलटेल कारपोरेशन लिमिटेड को इंटरनेट पोर्ट प्रभारों मद्धे किया गया है, (ii) 6,91,310/- रुपए की रकम का भुगतान विभिन्न अधिवक्ताओं को विधिक सेवाओं मद्धे किया गया है, (iii) 3,61,316/- रुपए की रकम का भुगतान स्टेंडिंग कांफ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज़(स्कोप) के किया गया है, (iv) 2,97,148/- रुपए की रकम का भुगतान सी.पी.डब्ल्यू.डी. को लिफ्ट प्रचालन प्रभारों मद्धे किया गया है (v) 7,370/- रूपए की रकम की प्रतिपूर्ति श्री सरम संतोष को वर्ष 2023-24 के लिए फोन और इंटरनेट कनेक्टिविटी भत्ते मद्धे की गई है ।

20. अन्य आय में (i) 14,250/- रुपए के लिए स्क्रैप सामग्री के विक्रय से, (ii) 8,00,820/- रुपए की रकम प्राप्य टी.डी.एस. पर ब्याज से (iii) 440/- रुपए की रकम आर.टी.आई. फीस से प्राप्त रकम और (iv) अधिकतर वेतन के बकाया की बाबत पूर्व वर्षों के दौरान बनाए गए उपबंधों से संबंधित बट्टे खाते डाली गई 1,43,22,431/- रुपए की रकम शामिल है ।

21. वित्तीय विवरणियों को भारतीय जी.ए.ए.पी. के अनुरूप तैयार करने के लिए बोर्ड से ऐसे प्राक्कलन और ऐसी उपधारणाएं करना अपेक्षित है जो वित्तीय विवरणियों में आस्तियों, दायित्वों, आय और व्यय की प्रतिवेदित रकम को प्रभावित करते हैं । यद्यपि यह विश्वास है कि वित्तीय विवरणियों को तैयार करने में प्रयोग में लाए गए प्राक्कलन विवेकपूर्ण और युक्तिसंगत हैं तथापि वास्तविक परिणाम प्राक्कलनों से भिन्न हो सकते हैं । वास्तविक परिणामों और प्राक्कलनों के बीच जो अंतर है उसे उस अवधि में, जिसमें परिणाम ज्ञात होते हैं/फलीभूत होते हैं, सुसंगत लेखा शीर्षो में आय/व्यय के रूप में माना जाना है ।

21. पूर्व वर्ष के तत्स्थानी आंकड़ों को, जहां कहीं आवश्यक है, पुनः समूहीकृत/पुनः व्यवस्थित किया गया है ।

22. अनुसूची I से अनुसूची XXIII उपाबद्ध की जाती हैं और वे 31 मार्च, 2025 को यथा-विद्यमान तुलनपत्र और उस तारीख को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए आय और व्यय लेखे का अभिन्न भाग गठित करती हैं ।

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड की ओर से

हस्ता.	**हस्ता.**	**हस्ता.**
पूर्णकालिक सदस्य(वित्त एवं लेखा)	**अध्यक्ष**	**अध्यक्ष**
आई.बी.बी.आई.	**लेखापरीक्षा समिति**	**आई.बी.बी.आई.**

स्थान : नई दिल्ली
तारीख: 30 जून, 2025

लेखापरीक्षा के प्रेक्षणों का अनुपालन

पैरा	लेखापरीक्षा प्रेक्षण	लेखापरीक्षा के प्रेक्षणों का उत्तर
क	**क. तुलनपत्र** **क.1. निधि और दायित्व** **क.1.1. चालू दायित्व और प्रावधान (अनुसूची-VII): 66,91,38,559 रुपए** (i.) इसके अंतर्गत 76,53,985 रुपए की रकम के सहायता अनुदान मद्धे दायित्व शामिल नहीं हैं, जो सरकार को प्रतिदेय थी । आई.बी.बी.आई. ने अनुसंधान पीठ की स्थापना के लिए वितीय वर्ष 2018-19 में प्राप्त सहायता अनुदान (साधारण) में से भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान(आई.आई.सी.ए.) को 100.00 लाख रुपए(30 मार्च, 2019) अंतरित किए थे । यह रकम अग्रिम के रूप में बुक की गई थी । नवम्बर, 2024 में, आई.बी.बी.आई. ने इसके आगे अनुसंधान पीठ के लिए आगे न बढ़ने का विनिश्चय किया और आई.आई.सी.ए. से अप्रयुक्त रकम का प्रतिदाय करने का अनुरोध किया । तथापि, आई.बी.बी.आई. ने सरकार को संदेय अप्रयुक्त अनुदानों के प्रतिदाय मद्धे तत्स्थानी दायित्व को स्वीकार नहीं किया था । इसके परिणामस्वरूप चालू दायित्व और निधि का अतिकथन(अनुसूची-I) प्रत्येक में 76,53,985 रुपए का कम कथन किया गया है ।	1. यह निवेदन किया जाता है कि चालू दायित्वों में कम कथन करने का प्रश्न उद्भूत नहीं होता क्योंकि अप्रयुक्त अनुदान की उक्त रकम अभी आई.बी.बी.आई. द्वारा प्राप्त की जानी है । यह लेखापरीक्षा प्रेक्षण आई.आई.सी.ए. से जुलाई के अंत में प्राप्त एक उपयोगिता प्रमाणपत्र पर आधारित है जो कि वार्षिक लेखाओं को अंतिम रूप देने/अनुमोदन करने और उन्हें लेखापरीक्षा के लिए प्रस्तुत करने के पश्चात् हुआ था । 2. उपर्युक्त उपयोगिता प्रमाणपत्र आई.आई.सी.ए. से 23 जुलाई, 2025 को प्राप्त हुआ था । आई.बी.बी.आई. ने इस उपयोगिता प्रमाणपत्र की परीक्षा करने के पश्चात् कतिपय कमियां पाईं और उन्हें आई.आई.सी.ए. को तारीख 12 सितम्बर, 2025 के पत्र द्वारा सूचित किया । जैसे ही अप्रयुक्त अनुदान की सही रकम आई.आई.सी.ए. से प्राप्त होगी, वह सम्यक् पुनर्मिलान के पश्चात् एम.सी.ए./ सी.एफ.आई. को अंतरित कर दी जाएगी । 3. आई.बी.बी.आई. नियमित रूप से आई.आई.सी.ए. से उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने और अप्रयुक्त अनुदान का प्रतिदाय करने के लिए कार्यवाही कर रहा है ताकि उसे आगे एम.सी.ए. को अंतरित किया जा सके ।
	(ii) आई.बी.बी.आई. के शासी बोर्ड ने अधिकारियों को बाह्य-रोगी विभाग(ओ.पी.डी.) उपचार पर, जिनके अंतर्गत परामर्श फीस, सुझाई गई दवाइयां और चिकित्सा परीक्षण भी शामिल हैं, उपगत चिकित्सा व्यय(गैर-पालिसी दावे) की प्रतिपूर्ति करने के लिए 20 लाख रुपए की एक चिकित्सा कार्पस निधि सृजित	1. चिकित्सा कार्पस निधि का उपयोग कर्मचारी की अधिवासी सीमा के समाप्त होने के पश्चात् ही किया जाना आशयित है। इसके अलावा, यह कर्मचारियों की सुविधाओं और भत्तों का भाग है जिसके लिए बहियों में कोई प्रावधान करने की आवश्यकता नहीं है । इसके अतिरिक्त, इसे

	करने का (दिसम्बर, 2024 में) अनुमोदन किया था । यह कार्पस आई.बी.बी.आई. के आंतरिक संसाधनों में से सृजित किया जाना था । तथापि, आई.बी.बी.आई. ने उपर्युक्त कार्पस निधि मद्धे वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान किसी दायित्व को स्वीकार नहीं किया था । इसके परिणामस्वरूप, चालू दायित्व और अधिशेष का अतिकथन प्रत्येक में 20 लाख रुपए का कम कथन किया गया है ।	कर्मचारियों की प्रतिपूर्ति के आधार पर नियमित रूप से मानीटर किया जाता है । 2. तथापि, लेखापरीक्षा की सिफारिश को वित्तीय वर्ष 2025-26 से अनुपालन के लिए नोट कर लिया गया है ।
	क.2 आस्तियां **क.2.1. स्थिर आस्तियां (अनुसूची-VIII): 5,27,87,614 रुपए** (i) आई.बी.बी.आई. की महत्वपूर्ण लेखांकन नीति सं. 4 के प्रति ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह उपबंधित है कि अवक्षयण का उपबंध आय-कर अधिनियम, 1961 में विनिर्दिष्ट दरों के अनुसार स्ट्रेटलाइन पद्धति के आधार पर किया गया है । वर्ष के दौरान स्थिर आस्तियों में परिवर्धन/कटौती की बाबत अवक्षयण आनुपातिक आधार पर समझा जाता है । तथापि, यह पाया गया है कि आई.बी.बी.आई. ने, अनुपातिक आधार के बजाय, यदि आस्तियों का उपयोग किसी वित्तीय वर्ष में 180 दिन से अधिक के लिए किया गया था तो पूर्ण वर्ष के लिए और ऐसी आस्तियों के लिए, जिनका उपयोग 180 दिन से कम के लिए किया गया था तो 50 प्रतिशत अवक्षयण प्रभारित किया गया था । इसके परिणामस्वरूप, अवक्षयण में 40,58,321 रूपए का अतिकथन और स्थिर आस्तियों में 40,58,321 रुपए का कम कथन किया गया ह । परिणामस्वरूप, अधिशेष में भी 40,58,321 का कम कथन किया गया ।	1. आई.बी.बी.आई. के वार्षिक लेखाओं को सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जी.ए.पी.पी.) के अनुसार तैयार किया जाता है । जी.ए.पी.पी. का एक प्रमुख लक्षण सतता का सिद्धांत है जिसका अभिप्राय यह है कि कोई संस्था संव्यवहारों की एक श्रृंखला के संबंध में किसी विशेष लेखांकन प्रक्रिया का अनुसरण करने का विनिश्चय कर सकेगी । ऐसी लेखांकन प्रक्रियाओं का आगामी लेखांकन अवधियों में सतत रूप से अनुसरण करना आवश्यक है जिससे कि दो अवधियों के बीच परिणामों की तुलना सुकर हो सके । उदाहरणार्थ, कोई संस्था अपनी मूर्त स्थिर आस्तियों के लिए अवक्षयण की स्ट्रेट लाइन पद्धति को अंगीकार कर सकेगी । इस पद्धति का आगामी वर्षों में भी सतत रूप से अनुसरण करना आवश्यक है । 2. यह उल्लेख करने योग्य है कि आई.बी.बी.आई. द्वारा अनुसरण किया जाने वाला लेखांकन व्यवहार पूर्व वर्षों से संगत है । 3. वित्तीय वर्ष 2025-26 से इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा ।
	(ii) आई.बी.बी.आई. ने दिसम्बर, 2024 और	इस प्रेक्षण को नोट कर लिया गया है और

	जनवरी, 2025 क दौरान 1,07,459 रुपए की रकम की स्थिर आस्तियों का क्रय किया था। तथापि, यह पाया गया है कि आई.बी.बी.आई. ने इसे पूंजीकरण के बजाय मरम्मत और रख-रखाव के अधीन राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया । इसके परिणामस्वरूप, व्ययों में 1,04,720 रुपए(1,07,459 रुपए घटा अवक्षयण मद्धे 2,739 रुपए) का अतिकथन और स्थिर आस्तियों में 1.04,720 रुपए का कम कथन किया गया । परिणामस्वरूप, अधिशेष में भी 1,04,720 रुपए का कम कथन किया गया था ।	वित्तीय वर्ष 2025-26 से इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा ।
	(iii) 7 नवम्बर, 2024 को 8,40,000 रुपए की रकम के प्रिंटर क्रय किए गए थे और उन्हें कार्यालय उपस्कर के अधीन पूंजीकृत किया गया था । तथापि, आई.बी.बी.आई. ने 40 प्रतिशत की विहित दर की बजाय 10 प्रतिशत की दर पर अवक्षणय प्रभारित किया । इसके परिणामस्वरूप, अवक्षयण में 1,10,110 रुपए का कम कथन और स्थिर आस्तियों में 1,00,110 रुपए का अतिकथन किया गया । परिणामस्वरूप, अधिशेष में भी 1,00,110 रुपए का अतिकथन किया गया ।	इस प्रेक्षण को नोट कर लिया गया है और वित्तीय वर्ष 2025-26 से इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा ।
	ख. आय और व्यय लेखा **ख.1 आय** **अर्जित ब्याज (अनुसूची XVI): 13,93,28,584 रुपए** आई.बी.बी.आई. ने विभिन्न नियत निक्षेपों/आवर्ती निक्षेपों पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 40,23,774 रुपए का ब्याज अर्जित किया । तथापि, यह पाया गया था कि आई.बी.बी.आई. ने 40,23,774 में से केवल 29,00,539 रुपए ब्याज के रूप में हिसाब में लिए ।	1. आई.बी.बी.आई. ने आई.बी.बी.आई. के चालू खाते में पड़ी निधियों की अतिकतम उपयोगिता के लिए स्वीप सुविधा विकल्प अपनाया । आई.सी.आई.सी.आई. बैंक की स्वीप पद्धति इस तरीके से तैयार की गई है कि इसमें स्वीप एफ.डी. को खाता विवरणी में ब्याज की रकम प्रतिबिंबित किए बिना स्वतः अगले चरण के लिए आगे बढ़ा दिया जाता है जिसमें अधिकांशतः उस पर मिलने वाला ब्याज शामिल होता है । इस पद्धति से यह सुनिश्चित होता है कि पूर्ववर्ती एफ.डी. की परिपक्वता तारीख से पश्चात्वर्ती एफ.डी. के सृजन की तारीख के

	इसके परिणामस्वरूप, अर्जित ब्याज और अधिशेष प्रत्येक में 11,23,235 रुपए का कम कथन किया गया ।	बीच की अवधि के दौरान ब्याज की हानि न हो । अतः, परिपक्वता आगमों को उसी एफ.डी. में पुनः निवेशित किए जाने के बावजूद उसे वास्तव में मुख्य खाते में जमा नहीं किया जाता है । 2. तथापि, इस प्रेक्षण को नोट कर लिया गया है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ब्याज की रकम को बैंकं से प्राप्त ब्याज प्रमाणपत्रों के आधार पर समुचित रूप से प्रकट किया जाएगा । 3. वित्तीय वर्ष 2025-26 से इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा ।
	घ. आंतरिक नियंत्रणों का निर्धारण **(ii) आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता** सहायता अनुदानों के लेखांकन और आस्तियों के लेखांकन, अर्थात् अवक्षयण के पूंजीकरण/प्रभारण के संबंध में आई.बी.बी.आई. की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है ।	1. आई.बी.बी.आई. में एक विस्तृत आंतरिक नियंत्रण पद्धति है जिसका पर्यवेक्षण शासी बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति द्वारा किया जाता है । छमाही खातों की सम्यक् रूप से लेखापरीक्षा चार्टर्ड अकाउंटेंट की एक फर्म द्वारा की जाती है और आंतरिक लेखापरीक्षा की रिपोर्टें बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के समक्ष उसके विचारार्थ रखी जाती है । आई.बी.बी.आई. में आंतरिक नियंत्रणों का एक अन्य आधार शक्तियों का विस्तृत प्रत्यायोजन है जिसे शासी बोर्ड द्वारा विहित और अनुमोदित किया गया है । 2. जहां तक सहायता अनुदानों के लेखांकन का संबंध है, यह उल्लेखनीय है कि आई.बी.बी.आई. ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से कोई अनुदान नहीं लिया है । इसके अतिरिक्त, अवक्षयण के पूंजीकरण/प्रभारण की बाबत आई.बी.बी.आई. द्वारा अनुसरण किया जाने वाला लेखांकन व्यवहार पूर्व वर्षों से संगत हैं । इसके अलावा, लेखापरीक्षा के इस प्रेक्षण को अनुपालन के लिए नोट कर लिया गया है ।
	घ. आंतरिक नियंत्रणों का निर्धारण	लेखापरीक्षा में यह स्वीकार किया गया है

	(iii) स्थिर आस्तियों की अस्तित्व जांच की पद्धति वर्ष 2024-25 के लिए स्थिर आस्तियों की अस्तित्व जांच की गई थी । तथापि, चूंकि आई.बी.बी.आई. कोई स्थिर आस्ति रजिस्टर नहीं रखता था, इसलिए अस्तित्व जांच रिपोर्ट से यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका था कि क्या आई.बी.बी.आई. द्वारा क्रय की गई समस्त आस्तियां अस्तित्व में हैं अथवा नहीं ।	कि स्थिर आस्तियों की अस्तित्व जांच 2024-25 वर्ष के लिए की गई थी । स्थिर आस्ति रजिस्टर के संबंध में किए गए प्रेक्षण को नोट कर लिया है और वित्तीय वर्ष 2025-26 से इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा ।
	ङ. सहायता अनुदान आई.बी.बी.आई. के पास 1 अप्रैल, 2024 को यथा-विद्यमान सहायता अनुदान का आरंभिक अतिशेष शून्य था । आई.बी.बी.आई. ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारत सरकार से कोई अनुदान प्राप्त नहीं किया था । तथापि, सहायता अनुदान (अनुसूची XXIII - टिप्पण सं. 9.8) पर अर्जित 11,934 रुपए का ब्याज 31 मार्च, 2025 तक सरकार को संदेय था ।	यह निवेदन किया जाता है कि 31.03.2025 को यथा-विद्यमान सहायता अनुदान लेखे का अंतिम अतिशेष 11,934 रुपए था जो कि 03.09.2025 को एम.सी.ए./सी.एफ.आई. को विप्रेषित कर दिया गया था । सहायता अनुदान लेखे का चालू अतिशेष शून्य है ।

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड
Insolvency and Bankruptcy Board of India

सातवीं मंज़िल, मयूर भवन,
शंकर मार्केट, कनॉट सर्कस,
नई दिल्ली - 110001
www.ibbi.gov.in